卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 120 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦4 फरवरी 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## संदिग्ध हालातों में प्रेमी युगल ने फांसी लगाकर दी जान

किच्छा (उद संवाददाता)। प्रेमी युगल ने संदिग्ध हालातों में फांसी लगाकर जान दे दी दी। दोनों के शव आम के पेड़ से लटके मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। आसपास के लोगों ने दो शवों के पेड़ से लटके होने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलभट्टा थाना अंतर्गत ग्राम शहदौरा निवासी 24 वर्षीय छोटू पुत्र सलीम एवं वहीं की निवासी मुस्कान पुत्री लईक अहमद ने पेड़ से फंदा लगाकर जान दे दी। बताया गया है कि युवक और युवती



बीती रात लगभग 1:30 बजे अपने घर से लापता हो गए। प्रेमी ने लड़की के भाई को फोन किया था। लड़के ने प्रेमिका के भाई से फोन पर कहा कि हम दोनों बहुत दूर जा रहे हैं। लड़की के परिजन सारी रात परेशान रहे। सुबह पता चला कि दोनों के शव पेड़ ले लटके हुए हैं। खबर सुनकर परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गयी। बताया जाता है कि युवक और युवती दोनों विवाहित हैं और दोनों का एक-एक पुत्र है। दोनों का विवाह करीब दो वर्ष पहले हुआ था। लड़की दो दिन पहले ही अपने मायके आई हुई थी। दोनों का प्रेम प्रसंग विवाह से पहले से चल रहा था। विवाह से पूर्व भी दोनों घर से भाग चुके थे। लेकिन घर वाले शादी के लिए राजी नहीं हुए और दोनों की (शेष पृष्ठ सात पर)

## पत्थर से कुचल कर किसान की हत्या

रामनगर (उद संवाददाता)। रामनगर विकासखंड के अंतर्गत ग्राम सांवल्दे पूर्वी नई बस्ती के समीप स्थित





नदी किनारे एक व्यक्ति का खून से लथपथ शव बरामद होने से इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलने पर सीओ बलजीत सिंह भाकुनी एवं कोतवाल अरुण कुमार सैनी मौके पर पहुंचे और उन्होंने शव को कब्जे में लेने के साथ ही मामले की जानकारी जुटानी शुरू कर दी। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए सीओ बलजीत सिंह भाकुनी ने बताया कि इसी गांव में रहने वाला 49 वर्षीय रमेश चंद्र जोकि शुक्रवार को रात में अपने गेहूं की चौकीदारी करने के लिए खेत में गया था और शनिवार को सुबह अज्ञात लोगों द्वारा रमेश चंद्र का मुंह पत्थरों से कुचल कर उसकी निर्मम(शेष पृष्ठ सात पर)

## नेता प्रतिपक्ष के सामने खुलकर सामने आई कांग्रेस की गुटबाजी

### महानगर कांग्रेस ने किया बैठक का बहिष्कार, भेदभाव का लगाया आरोप,यशपाल आर्य का निवेदन भी नहीं किया स्वीकार

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। लम्बे समय से अंतरकलह से जूझ रही कांग्रेस की गुटबाजी आज एक बार फिर सामने आ गयी। कांग्रेस की हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा की तैयारियों के लिए सिटी क्लब में बुलायी गयी जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में यात्रा के लोकसभा प्रभारी एवं नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के हंगामा हो गया। पार्टी के एक गुट ने भेदभाव का आरोप लगाते हुए बैठक का बहिष्कार कर दिया। दरअसल हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा की तैयारियों को लेकर शनिवार को सिटी क्लब में जिला स्तरीय बैठक बुलायी गयी थी। इस बैठक में लोकसभा प्रभारी नेता प्रतिपक्ष यशपाल






आर्य एवं प्रकाश जोशी, जिले के प्रभारी संजीव आर्य मौजूद थे। बैठक में पार्टी के पूर्व मंत्री, पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व विधायक विधायक प्रत्याशी, पीसीसी सदस्य, हाथ से हाथ जोडो अभियान के संयोजक,जिला एवं महानगर पर्यवेक्षक, ब्लाक अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष, कांग्रेस के समस्त अनुषांगिक संगठनों के पदाधिकारी गण, ब्लाक प्रमुख, पूर्व ब्लाक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य, पूर्व जिला पंचायत सदस्यों को आमंत्रित किया गया था। नेता प्रतिपक्ष समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. जवाहर लाल नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण और ध्वजारोहण के साथ इस बैठक की शुरूआत की। बैठक शुरू होते ही पार्टी का एक गुट नाराज हो गया। दरअसल मंच के पीछे जो फ्लैक्स लगाया गया था उसमें महानगर अध्यक्ष जगदीश तनेजा के साथ साथ शहर की वरिष्ठ नेत्री मीना शर्मा के साथ ही बंगाली समाज, मुस्लिम समाज के किसी भी नेता का फोटो और नाम नहीं था। न ही इनके लिए मंच पर कुर्सी की व्यवस्था की गयी थी। यह देखकर पार्टी के कई लोग नाराज हो गये। यशपाल आर्य का स्वागत करने के बाद मीना शर्मा, अनिल शर्मा, जगदीश तनेजा, परिमल राय, साजिद खान, मोनू निषाद समेत कई कांग्रेस बैठक का बहिष्कार करके वापस आ गये। यशपाल आर्य ने (शेष पृष्ठ सात पर)

## 25 हजार का ईनामी कुख्यात गौ तस्कर गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वांछित और ईनामी बदमाशों की धरपकड़ को चलाये जा रहे अभियान में एसटीएफ को एक और सफलता मिली है। एसटीएफ टीम ने पच्चीस हजार के कुख्यात इनामी गौ तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार के निर्देश पर गैंगस्टर एवं इनामी अपराधियों के विरुद्ध चल रही कार्रवाई के तहत सीओ एसटीएफ सुमित पांडे एवं प्रभारी निरीक्षक एमपी सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने जनपद ऊधम सिंह नगर के फरार



25000 के ईनामी गोवंश तस्कर जाकिर पुत्र अब्दुल नबी निवासी ग्राम गोदी थाना खजुरिया जनपद रामपुर को जिला अस्पताल रूद्रपुर के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार इनामी अपराधी जाकिर थाना किच्छा में धारा 3/5/11(1) उत्तराखंड गोवंश संरक्षण अधिनियम में पिछले 10 माह से वांछित चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए एसटीएफ कुमाऊं यूनिट लगातार कार्य कर रही थी। इस अपराधी की गिरफ्तारी के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधम सिंहनगर ने 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। एसटीएफ ने (शेष पृष्ठ सात पर)

## मौन व्रत के लिए पहुंचे कांग्रेस नेताओं को पुलिस ने रोका

### गैरसैंणियत के अपमान पर नमक छिड़क रही सरकार: हरदा

गैरसैण( उद ब्यूरो)। उत्तराखंड की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैण की अनदेखी और वहां विधानसभा का सत्र नही होने से आहत पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत आज पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल, पूर्व राज्य सभा सांसद प्रदीप टम्टा के साथ भराड़ीसैण पहुंचकर विधानसभा भवन के गेट पर मौन उपवार पर बैठे। इससे पूर्व भराड़ीसैण पहुंचने पर कांग्रेस नेताओं को सुरक्षा कर्मियों ने बैरिकेट लगाकर रोक दिया। हांलाकि कांग्रेस नेताओं के अनुरोध के बावजूद जब गेट नहीं खोला तो सभी नेता विधानसभा परिसर के बाहर बंद गेट के सामने धरने पर बैठ गये। अपने पूर्व निर्धारित ऐलान के अनुसार उपवास पर बैठे पूर्व सीएम हरीश रावत ने कहा कि मुझे बहुत दु:ख के साथ कहना पड़ रहा है कि जिस भवन के दरवाजे जनता जनार्दन के लिए खुले होने चाहिए थे, वहां पर न केवल ताला लटका है, बल्कि मुझे भी और (शेष पृष्ठ 7 पर)



## तमंचा व कारतूस समेत बदमाश दबोचा

काशीपुर(उद संवाददाता)। एसएसपी के निर्देश पर अवैध शस्त्र व मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम के लिए चलाएं गए अभियान के क्रम में कुंडा



पुलिस ने एक बदमाश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से तमंचा व कारतूस बरामद किया है। जानकारी के मुताबिक कुंडा पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थे इसी दौरान मंडी चौकी क्षेत्र में पुराने ढेला पुल के पास से ग्राम नूरपुर डिलारी मुरादाबाद निवासी निखिल कुमार उर्फ विक्की पुत्र ज्ञान सिंह को संदिग्ध हालत में चहलकदमी करते हुए पुलिस ने शक के आधार पर दबोच कर तलाशी में उसके कब्जे से 315 बोर का एक अवैध तमंचा व एक (शेष पृष्ठ सात पर)

## दहेज के लिए विवाहिता को जलाकर मारने की कोशिश

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। और दहेज की मांग कर ससुरालियों द्वारा विवाहिता से मारपीट करने व उसे जलाकर माने की कोशिश करने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने ससुरालियों के विरूद्ध मामला दर्ज करा दिया है। दर्ज रपट में पीड़िता का कहना है कि उसका विवाह 2 सिम्बर 2021 को मलकीत सिंह पुत्र सुखई प्रसाद सिंह निवासी ग्राम क्षारू तिसौर कैलाशपुरी थाना सितारगंज के साथ हुआ था तथा वर्तमान तक उसकी कोई सन्तान नहीं है। उसका पति वर्तमान में 46 वीं वाहिनी पीएसी रुद्रपुर में कानि. के पद पर कार्यरत है। विवाह के समय अपनी सामर्थ से अधिक धनराशि व्यय की गयी थी। विवाह में कुल लगभग 14,50,000 रूपये व्यय किये गये थे। उसका आरोप है विवाह के कुछ समय पश्चात से ही पति मलकीत सिंह, सास मालती, ससुर सुकई प्रसाद सिंह, जेठ इन्द्रजीत सिंह, जेठानी प्रभा एवं शकुन्तला, ननद गीता पत्नी विपिन सिंह, सनी, मानस पुत्रगण विपिन, बहनोई विपिन सिंह, बहनोई कमलेश ने कम दहेज लाने के लिए ताने देना शुरू कर दिया और पति द्वारा मारना भी शुरु कर दिया। भोजन वस्त्र, उपचार आदि के लिए भी (शेष पृष्ठ सात पर)

## मकान में घुसा बेकाबू डंपर ग्रामीणों ने काटा हंगामा

रामनगर(उद संवाददाता)। रामनगर के ग्राम पीरूमदारा क्षेत्र में लगातार डंपर वाहन ग्रामीणों की मौत का काल बनकर सामने आ रहे हैं लेकिन पुलिस और प्रशासन



इन पर कार्रवाई करने में पूरी तरह मूकदर्शक बना है डंपर वाहनों की चपेट में आकर इस क्षेत्र में कई लोग जहां एक और अपनी जान गवा चुके हैं तो वहीं कई लोग गंभीर रूप से घायल भी हो चुके हैं। पूर्व में भी एक डंपर चालक (शेष पृष्ठ सात पर)




# एमेनिटी ने जीती अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट ट्रॉफी

## लखनऊ में सिटी मोंटेसरी स्कूल द्वारा सिक्स्थ अंतरराष्ट्रीय स्कूल क्रिकेट लीग 2023 का आयोजन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एमेनिटी पब्लिक स्कूल की क्रिकेट टीम ने ऐतिहासिक सफलता प्राप्त करते हुए लखनऊ में आयोजित स्कूल क्रिकेट का सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट जीत कर ट्रॉफी हासिल की और क्षेत्र का नाम रौशन किया। विद्यालय के प्रबंधक सुभाष अरोरा ने बताया कि लखनऊ में सिटी मोंटेसरी स्कूल द्वारा सिक्स्थ अंतरराष्ट्रीय स्कूल क्रिकेट लीग 2023 का आयोजन सिटी मोटसरी स्कूल कानपुर रोड लखनऊ में किया गया। टूर्नामेंट का उद्घघाटन बीसीसीआई के अध्यक्ष, आईपीसी के चेयरमैन राजीव शुक्ला एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी नयन मोंगिया द्वारा किया गया था। टूर्नामेंट में देश एवं विदेश की 16 बेहतरीन टीमों को एंट्री दी गई थी। जिसमें साउथ अफ्रीका, जिंबाब्वे, श्रीलंका, ओमान, नेपाल, भारत सहित विभिन्न देशों की टीमों ने प्रतिभाग किया।आईएससीसी -2023 का फाइनल मैच कानपुर रोड स्थित मैदान में एमेनिटी पब्लिक स्कूल उत्तराखंड एवं बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल दिल्ली के बीच खेला गया। एमेनिटी ने यह मैच 60 रन से जीतकर ट्रॉफी अपने नाम कर ली। टॉस जीतकर एमेनिटी की टीम ने बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 20 ओवर




में शानदार खेल दिखाते हुए 6 विकेट खोकर 214 रन बनाए। जिसमें आशीष ने 42 गेंदों पर 7 चौकों और 10 छक्के लगाकर 100 रन पूरे किए। इसके विपरीत बाल भवन दिल्ली की पूरी टीम 20 ओवर में 154 रन बनाकर आउट हो गई। मैन ऑफ द मैच आशीष, मैन ऑफ द सीरीज आदित्य चौधरी तथा प्रिंस राणा को सर्वश्रेष्ठ बॉलर चुना गया। उन्होंने बताया इस टूर्नामेंट में देश-विदेश के लगभग 400 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। टीम की जीत पर प्रबंधक सुभाष अरोड़ा एवं प्रधानाचार्य श्रीमती इंदिरा त्रिपाठी, करीकुलम प्रोवोस्ट श्रीमती गुरविंदर कौर ने टीम को बधाई दी। सुभाष अरोड़ा ने बताया कि एमेनिटी ने फुटबॉल एवं क्रिकेट दोनों खेलों में अपनी पहचान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनाई है तथा पूरे देश में उत्तराखंड का नाम रोशन किया है। कोच अमन जीत ने बताया कि एमेनिटी की टीम की मेहनत रंग लाई है जो कि अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में अपनी टीम ने अपनी पहचान बनाई है। इस जीत में उन्होंने बताया कि लखनऊ में उत्तराखंड मूल के दर्शकों ने उत्तराखंड की टीम बहुत उत्साहवर्धन किया तथा लगभग 4-5 हजार दर्शक उत्तराखंड के थे उन्होंने उन सभी का धन्यवाद किया। बेस्ट राइजिंग प्लेयर का अवार्ड विनीत को दिया गया। श्री अरोड़ा ने बताया कि सीएमएस में ही 2 माह पूर्व एमेनिटी की फुटबॉल टीम ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट जीतकर अपना परचम लहराया था। इस जीत पर पूर्व क्रिकेटर मदनलाल, कपिल देव व सबा करीम ने भी टीम की जीत पर बधाई दी । अभी कुछ दिन पहले ही एमेनिटी का दिल्ली कैपिटल से करार हुआ है।

# मेरावा वॉच एंड ऑप्टिकल शोरूम का शुभारम्भ किया

रुद्रपुर( उद संवाददाता) ।शहर के सिविल लाइन क्षेत्र में घड़ी और चश्मों के बेहतर उत्पादों की श्रृंखला में मेरावा वॉच एंड ऑप्टिकल का भव्य शोरूम खुल गया है। जिसका शुभारंभ एसएसपी डा.मंजूनाथ टीसी,मेयर रामपाल सिंह,देवभूमि व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष गुरमीत सिंह ने संयुक्त रुप से फीता काटकर किया। इस दौरान प्रतिष्ठान स्वामी आशीष सारस्वत ने बताया कि हल्द्वानी में शोरूम खोलने के बाद अब शहर में मेरावा वॉच एंड ऑप्टिकल की शुरूआत हुई है।



प्रतिष्ठान द्वारा बेहतर उत्पाद और किफायतों दामों के कारण ग्राहकों में विश्वास पैदा किया है। यहीं कारण है कि आगे भी प्रतिष्ठान ग्राहकों की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेगी। इस मौके पर बाजपुर चीनी मिल के जीएम हरवीर सिंह, डाल चन्द्र,डॉ प्रदीप अदल खा,डालचंद्र,राजकुमार खनिजो,हरीश मुंजाल,रोहित मित्तल, प्रदीप बंसल,अशोक बंसल,अशोक सिंघल,अतुल बंसल, सुभाष शर्मा, अजय कुमार, अनिल शर्मा,राजेंद्र कुमार, सुरजीत सिंहआदि मौजूद थे।

# ड्रग्स निरीक्षक को मेडिकल स्टोरों में निरंतर छापेमारी करने के निर्देश

बागेश्वर (उद संवाददाता)। अपर जिलाधिकारी चंद्र सिंह इमलाल ने नशे पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए हैं। जागरूकता के साथ ही छोपमारी भी होगी।विद्यालयों, डिग्री कालेजों पर बैठकें होंगी। लोगों को नशे से होने वाले नुकसान के बारे में बताया जाएगा। कलक्ट्रेट पर आयोजित बैठक में अपर जिलाधिकारी ने नशा करने वालों पर पैनी नजर रखने के निर्देश दिए। उनकी और अभिभावकों



की काउंसलिंग भी होगी। विद्यालयों में प्रार्थना सभा दौरान नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने ड्रग्स निरीक्षक को मेडिकल स्टोरों में निरंतर छापेमारी करने के निर्देश दिए दुकानों पर अनिवार्य रूप से सीसीटीवी लगाने और प्रतिबंधित दवाओं पर रोक लगाने को कहा। वन विभाग को वन क्षेत्र में भांग की खेती नहीं होने देगा। ड्रग्स, चरस के साथ ही अवैध शराब पर नकेल कसी जाएगी। पुलिस व आबकारी विभाग संयुक्त छोपेमारी करेंगे। बैठक मेंउपजिलाधिकारी राजकुमार पांडे, पुलिस उपाधीक्षक अंकित कंडारी, मुख्य शिक्षा अधिकारी जीएस सौन, रेंजर श्याम करायत, डा. दीप्ति रावत आदि उपस्थित थे।

# बच्चे की मौत मामले में नहीं हुई कार्यवाही,एसपी से मिले परिजन

काशीपुर( उद संवाददाता)। 10 वर्षीय बच्चे की बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत मामले में कार्यवाही ना होता देख आज परिजनों ने ग्रामीणों के साथ अपर पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की। एस पी ने प्रकरण का संज्ञान लेते हुए कार्यवाही का आश्वासन दिया है। एसपी को दिए शिकायती पत्र में ग्राम सन्यासियों वाला जसपुर निवासी रियासत हुसैन पुत्र स्वर्गीय शौकत हुसैन ने बताया कि बीते 25 जनवरी को अपराहन बाद लगभग 3:30 बजे उसका 10 वर्षीय पुत्र जुनैद घर से बाहर गया था। इसके लगभग 1 घंटे बाद 4:20 बजे शिकायतकर्ता के भाई नजाकत हुसैन के मोबाइल फोन पर गांव के हारुन पुत्र अशफाक ने सूचना दी कि उसका भतीजा उस्मान मुंशी के घर के पीछे प्लॉट में बेहोशी हालत में पड़ा है। सूचना मिलते ही तत्काल परिजनों ने मौके पर पहुंचकर बच्चे को तत्काल उपचार के लिए सरकारी अस्पताल जसपुर ले गए जहां परीक्षण के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों ने बताया कि बच्चे को अंदरूनी छोटे हैं। शिकायतकर्ता ने एसपी को दिए पत्र में हत्या की आशंका जाहिर करते हुए कार्यवाही की मांग की है। शिकायतकर्ता ने यह भी कहा कि घटना को लगभग सप्ताह भर से अधिक हो गए लेकिन स्थानीय पुलिस ने इस मामले में कोई कार्यवाही नहीं की। फिलहाल एसपी ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए पीड़ित परिवार को कार्यवाही का आश्वासन दिया है। पुलिस अधीक्षक से मुलाकात करने वालों में एडवोकेट अब्दुल सलीम, प्रधान संगठन के अध्यक्ष ब्रह्मानंद लोहरी, ग्राम प्रधान दारा सिंह, प्रधान पंकज कुमार, प्रधान अमरजीत सिंह, प्रधान ओमकार दीप, प्रधान दारा सिंह, के अलावा नजाकत हुसैन मोहम्मद हसन, ग्राम प्रधान राजपुर फखरुद्दीन मलिक, मोहम्मद हसन, रियासत हुसैन असलम आदि दर्जनों शामिल रहे।

# चंद परिवार फाउंडेशन ने आयोजित किया निशुल्क नेत्र जांच शिविर

नानकमत्ता( उद संवाददाता) ।चंद परिवार फाउंडेशन के तत्वाधान में श्री राम मूर्ति हॉस्पिटल बरेली के डॉक्टरों द्वारा निशुल्क नेत्र शिविर लगाया गया, गुरुद्वारा रोड स्थित विवेकानंद सरस्वती शिक्षा मंदिर में चंद्र परिवार फाउंडेशन के तत्वाधान में एक दिवसीय नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में राम मूर्ति



हॉस्पिटल की चिकित्सक डॉक्टर ज्योत्स्ना, डॉक्टर कीर्ति द्वारा मरीजों की आंखों की जांच की गई। साथ ही मरीजों की जांच के पश्चात उन्हें दवाइयां फ्री वितरित की गई। इस दौरान शिविर में चिकित्सकों द्वारा आइए मरीजों को आंखों की देखभाल के बारे में बताया गया, साथ ही मरीजों को आंखों की जांच समय-समय पर कराने पर जोर दिया, इस मौके पर जनसंपर्क अधिकारी तककन अंसारी, फार्मासिस्ट मुकेश पाल, चंद्र परिवार फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डी बी चंद, त्रिलोक चंद, विक्रम चंद, उत्तम चंद, सुनील चंद, लीला चंद, पवन चौहान आदि मौजूद थे।

# राज्यपाल ने किया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस स्किल लैब का उद्घाटन

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) ने शुक्रवार को उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट) के सातवें स्थापना दिवस समारोह के मौके पर रीजनल साइंस सेंटर देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान राज्यपाल ने साइंस सेंटर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का भ्रमण कर विस्तृत जानकारी ली। राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि यह युग आधुनिक तकनीक के साथ ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का है। आज नई-नई तकनीकों के जरिए देश-दुनिया में क्रांतिकारी बदलाव आ चुके हैं। उन्होंने कहा कि साइंस और टेक्नोलॉजी हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा बन गए हैं, विज्ञान ने हमारे दैनिक जीवन को बेहद राज्यपाल ने कहा कि दुनिया के विभिन्न देश नवीनतम तकनीकों का प्रयोग कर आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन उन सब में भारत इस दिशा में और भी तेज रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता को कायम रखने के लिए हमारे देश की सेना भी तेजी से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की ओर देख रहे हैं। राज्यपाल ने यूकॉस्ट के आयोजित होने वाले ग्रामीण विज्ञान कांग्रेस हेतु यूकॉस्ट को शुभकामना देते हुए कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि इस विज्ञान कांग्रेस में प्रदेश के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से आए बाल वैज्ञानिक, शोधार्थी के बीच मंथन का जो अमृत निकलेगा वह उत्तराखंड को विज्ञान प्रौद्योगिकी क्षेत्र में आगे बढ़ाने में कारगर सिद्ध होगा। इस दौरान महानिदेशक यूकॉस्ट प्रो. दुर्गेश पंत





स्किल लैब का उद्घाटन किया व फरवरी दूसरे सप्ताह में आयोजित होने वाली "ग्रामीण विज्ञान कांग्रेस" का अनावरण किया। राज्यपाल ने कार्यक्रम में यूकॉस्ट के वार्षिक कैलेंडर एवं वार्षिक रिपोर्ट का भी विमोचन किया। इस दौरान राज्यपाल ने रीजनल साइंस सेंटर सुगम और समृद्ध बना दिया है। राज्यपाल ने कहा कि देश को विकसित और समृद्ध राष्ट्र बनाने के लिए हमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का रास्ता चुनना होगा। साइंस और टेक्नोलॉजी के हर क्षेत्र में भारत दुनिया के साथ कदम से कदम मिला कर आगे बढ़ रहा है। पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि हम सबके लिए खुशी की बात है कि प्रदेश में पहली एआई बेस्ट साइंस लर्निंग लैब की स्थापना हुई है, उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को आधुनिक तकनीकी, सोच-विचार और धारणा के साथ आगे बढ़ना होगा। राज्यपाल ने अगले सप्ताह ने राज्यपाल को परिषद के क्रियाकलापों के बारे में विस्तार से अवगत कराया। कार्यक्रम में उत्तराखण्ड टेक्निकल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह, इंटेल की सीनियर डायरेक्टर श्वेता खन्ना समेत विभिन्न संस्थानों के वैज्ञानिक, शोधार्थी और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।




वाटर प्रूफिंग

हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।

प्रो. शादाब खान

9012051994, 6399038125

आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties

Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property

CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

# बहुद्देशीय सहकारी समिति का 1.25 करोड़ रुपए का बजट पास

गूलरभोज(उद संवाददाता)। दीर्घाकार बहुउद्देशीय सहकारी समिति के 38 वां वार्षिक अधिवेशन में किसानों की आम राय से इस वर्ष व्यवसाय के लिए 1.25 करोड़ रुपए का बजट पास किया गया। किसानों को 15 फीसद लाभांश देने की घोषणा की गई। इस दौरान समिति के सदस्यों ने कई प्रस्ताव पारित किए शुक्रवार को दीर्घ आकार बहुउद्देशीय सहकारी समिति का 38 वां वार्षिक अधिवेशन में समिति के सचिव विजय कुमार शर्मा ने पिछले 4 वर्षों का वित्तीय लेखा-जोखा प्रस्तुत किया उन्होंने बताया कि विगत 2 वर्षों से समिति 49 ,63818.99 लाख रुपए का शुद्ध लाभ अर्जित कर चुकी है किसान केवल चंद पाठक ने कहा कि रिक्त पदों पर किसानों के परिवार के शिक्षित रोजगार युवाओं को रोजगार देने का प्रस्ताव रखा किसान नेता विनोद गुंबर गोविंद सिंह चंदन सिंह नयाल आदि किसानों ने बीज खाद कीटनाशक व कई मुद्दों पर चर्चा करते हुए प्रस्ताव रखें। विशिष्ट अतिथि गदरपुर अध्यक्ष लेखराज तनेजा पूर्व अध्यक्ष सुभाष बेहड़ दूध संघ प्रशासक तिलक राज गंभीर



डायरेक्टर मोहन सिंह पानू जिला महामंत्री भाजपा अमित नारंग ने अपने विचार रखे। समिति के अध्यक्ष भगत सिंह धर्म सत्तू ने सभी अतिथियों का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समिति किसानों की है और किसान हित में कार्य कर रही है उन्होंने किसानों द्वारा रखें सभी प्रस्ताव जो सदन में पारित किए हैं उनको अमल में लाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का संचालन राकेश सिंह ने किया। इस अवसर पर भाजयुमो नेता अतुल पांडे चंदन सिंह नयाल, तिलक राज गंभीर, अमित नारंग, हरिचंद सती, बैंक के शाखा प्रबंधक उमेश कुमार, सानू गंभीर, मंगल सिंह कोरंगा, देवेंद्र गहलोत, योगेंद्र सिंह, दीप सिंह, रमेश चंद तिवारी, डॉ कुलदीप रघुवंशी, अमित कुमार गुप्ता, पुष्पेंद्र चौधरी, विजेंद्र यादव, अमर सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

# यातायात नियमों का पालन नही करने वालों की अब खैर नहीं

बागेश्वर(उद संवाददाता)। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ पुलिस सख्त हो गई है।यातायात पुलिस ने एक बार फिर अभियान चलाया है। यातायात प्रभारी जगदीश ढकरियाल ने चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस ने एसबीआई तिराहा,अस्पताल लाइन,भराड़ी रोड,तहसील रोड में सघन चेकिंग अभियान चलाया।साथ ही टैक्सी संचालको को यातायात नियमों का पाठ पढ़ाया।वही चेकिंग अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की।बिना हैलमेट दोपहिया वाहन चलाने, शराब पीकर वाहन चलाने, तेज वाहन से वाहन चलाने वालों के खिलाफ अभियान चलाया।इस दौरान पुलिस ने दर्जनों वाहनों



के चालान किए, वही यातायात निरीक्षक ने बताया कि अब तक320एमवी एक्ट,के चालान कर153000का संयोजन वसूला गया, जबकि23कोर्ट चालान किए गए।उन्होंने टैक्सी चालकों से संवाद कर यातायात नियमों का पालन करने,शराब पीकर वाहन नही चलाने की अपील की। इस दौरान टीम में यातायात उपनिरीक्षक चन्दन सिंह भंडारी और ट्रैफिक पुलिस के जवान मौजूद थे।

# शिक्षक की सेवानिवृत्ति पर मनाया विदाई समारोह

काशीपुर(उद संवाददाता)। पंडित गोविंद बल्लभ पंत इंटर कॉलेज में विद्यालय के प्रबंधक एस के शर्मा की अध्यक्षता में सेवानिवृत्त शिक्षक अरविंद शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने श्री वर्मा के सेवाकाल संबंधित उपलब्धियों की सराहना की और भूरी भूरी प्रशंसा की। अरविंद कुमार वर्मा ने बताया कि किन्ही विशेष कारणों के कारणों एवं पूर्व प्रधानाचार्य अजय शंकर कौशिक के द्वेष भावना के कारण इस विदाई समारोह में विलंब हुआ। समारोह के






कुमार वर्मा का विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसमें विद्यालय के प्रबंधक एवं कार्यकारी प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार द्वारा पुष्प माला पहनाकर अरविंद कुमार वर्मा का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। सभी उन्होंने विद्यालय में दिनांक 21 अक्टूबर 1989 को नियुक्ति प्राप्त की थी और अपने 32 वर्ष 5 माह 11 दिन के सेवाकाल में कोई भी चिकित्सा अवकाश विशेष अवकाश और इ एल नहीं ली, जो एक सराहनीय बात रही, अंत में विद्यालय के प्रबंधक कार्यकारी प्रधानाचार्य एवं शिक्षक शिक्षिकाओं / कर्मचारियों अरविंद कुमार वर्मा जी के सुंदर भविष्य सुखद जीवन काल और दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर कुमार अमित नारंग, प्रिया, राजू गौतम, श्रीमती ममता कोहली, जगदीश चंद्र पांडे, अखिलेश कुमार, नितिन चौहान, प्रगति शर्मा, श्वेता रानी बिंदिया शिल्पी चतुर्वेदी शैली कौशिक, रुपाली शर्मा, बिंदु दीक्षा शालिनी पंत, राखी भारद्वाज, प्रतिभा गौड़, विपिन कुमार, विमला देवी, हुकुम सिंह आदि उपस्थित रहे।

# राज्यमंत्री मुकेश कुमार 9 को रूद्रपुर

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।उत्तराखण्ड अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष मुकेश कुमार 9 फरवरी को 11 बजे से मण्डी समिति परिसर जसपुर में दिव्यांगो एवं बुर्जगों को सहायक उपकरण वितरित कार्यक्रम में प्रतिभाग करेगें। अध्यक्ष 11 फरवरी 2023 को 12 बजे से थारू विकास भवन खटीमा में दिव्यांगो एवं बुर्जगों को सहायक उपकरण वितरित कार्यक्रम में प्रतिभाग करेगें।

# डिग्री कालेज का नाम डा. अम्बेडकर पर किये जाने के प्रस्ताव को शीघ्र मिल सकती है मंजूरी

किच्छा(उद संवाददाता)।किच्छा में राजकीय मॉडल डिग्री कालेज गत वर्षो से कार्यरत है ,किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ ने 9 जनवरी 2023 को प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तथा शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत को एक पत्र लिखा था। जिसमें उन्होंने प्रदेश सरकार से आग्रह किया था कि किच्छा में में राजकीय मॉडल डिग्री कालेज का नाम बाबा साहेब डा भीमराव अम्बेडकर पर कर दिया जाये तथा उन्होंने सरकार से यह भी अपील की थी कि ऊधम सिंह नगर क्षेत्र के समस्त नागरिकों विशेषत: दलित पिछड़े समुदाय की हार्दिक इच्छा है कि किच्छा में स्थित राजकीय मॉडल डिग्री कालेज का नाम बाबा साहेब डा भीमराव अम्बेडकर राजकीय मॉडल महाविद्यालय किच्छा कर दिया जाए जिससे कि इस क्षेत्र के समस्त दलित एवं पिछड़े समाज में एक अच्छा संदेश जाएगा और हमारी युवा पीढ़ी शिक्षा एवं उन्नति के प्रतीक रहे बाबा साहेब डा आंबेडकर के नाम से प्रेरित होते रहेगी ।उनका यह प्रस्ताव राज्य सरकार को अच्छा लगा तथा राज्य सरकार द्वारा इस प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए शीघ्र ही किच्छा मॉडल डिग्री कालेज का नाम बाबा साहेब डा भीमराव अम्बेडकर पर किये हेतु अनु सचिव उत्तराखंड शासन द्वारा पत्र जारी कर निदेशक उच्च शिक्षा निदेशालय से इस विषय में आख्या मांगी गयी है। जिसमे पूरी उम्मीद है कि सरकार शीघ्र हि इसका नाम बदलने का आदेश पारित कर सकती है ।

# शिकायतों का संज्ञान लेने की बजाय एसीएमओ ने झाड़ा पल्ला

काशीपुर(उद संवाददाता)। राजकीय चिकित्सालय परिसर के अंदर स्थित होम्योपैथिक विभाग से रोगियों को महंगी जांच व दवाइयों के लिए बाहर भेजे जाने के प्रकरण में जब एसीएमओ हरेंद्र मलिक से मोबाइल फोन पर शिकायत का प्रयास किया गया तो उन्होंने राणा जी से बात कर लो कह कर खुद का पल्ला झाड़ लिया। ज्ञातव्य है कि सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए जहां एक और नित नए प्रयास किए जा रहे हैं वही राजकीय चिकित्सालय काशीपुर के होम्योपैथी विभाग से रोगियों को महंगी जांच और दवाइयों के लिए अस्पताल के पिछले हिस्से में खुले एक पैथोलॉजी लैब भेजा जा रहा है। यह सिलसिला लंबे अरसे से चल रहा है। सूत्रों का कहना है कि इसमें कुछ भ्रष्ट किस्म के अधिकारी भी शामिल है। सरकार के राजस्व में चूना लगाते हुए खुद की जेब गर्म करने के उक्त प्रकरण में पूर्व में कई बार खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया लेकिन यह गोरखधंधा आज भी बंद नहीं हो सका है। सूत्रों का कहना है कि पैथोलॉजी से जुड़े कुछ दलाल किस्म के लोग सुबह सवेरे से ही आकर पैथोलॉजी के आसपास चक्कर काटने लगते हैं फिर उन्हें चिकित्सक के इशारे पर बाकायदा अस्पताल के पिछले हिस्से से पैथोलॉजी तक ले जाया जाता है। सूत्रों का कहना है कि ओपीडी करने वाले कुछ डॉक्टर भी इस पैथोलॉजी से सीधे संपर्क में हैं।




# अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाया जाये:डीएम

## डीएम ने मुख्यालय की आठ किमी की परिधि से बाहर निवास करने वाले चिकित्सकों का वेतन रोकने के निर्देश

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त की अध्यक्षता में जवाहर लाल नेहरू जिला चिकित्सालय प्रबन्धन समिति की बैठक चिकित्सालय सभागार में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने मुख्यालय की 8 किमी की परिधि से बाहर निवास करने वाले चिकित्सकों का वेतन रोकने के निर्देश मुख्य कोषाधिकारी को दिये। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक बेहतर बनाया जाये। उन्होंने आयुष्मान योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि का नियमानुसार सदुपयोग करने तथा सम्बन्धितों को समय से प्रोत्साहन राशि प्रदान करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित करते हुए



रोकने के निर्देश मुख्य कोषाधिकारी को दिये। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि पिछली बैठक की कार्यवाही एवं अनुपालन आख्या को आगामी बैठकों में पहले एजेण्डा के रूप शामिल करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने चालू वित्तीय वर्ष में आर्थो, ईएनटी, डेण्टल, सीजेरियन डिलीवरी आदि का डाटा अलग-अलग उपलब्ध कराने के निर्देश चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि वित्त से सम्बन्धित प्रस्तावों का मुख्य कोषाधिकारी से परीक्षण कराने के उपरान्त ही समिति के सम्मुख प्रस्तुत किये जाये। जिलाधिकारी ने चिकित्सालय में दी जा रही चिकित्सा सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी लेते हुए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। बैठक में मुख्य चिकित्साधीक्षक डॉ. कैलाश राणा ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में चिकित्सालय में कुल 209925 ओपीडी, इमरजेन्सी में 8809 रोगियों को देखा गया है। उन्होंने बताया कि 11977 रोगियों को भर्ती किया गया, 1775 ऑपरेशन, 7378 अल्ट्रासाउण्ड, 13306 एक्स-रे, 544 सीटी स्कैन, 91766 पैथोलोजी जॉचें, 2831 सामान्य प्रसव, 405 सिजेरियन प्रसव किये गये है। बैठक में मुख्य कोषाधिकारी डॉ.पंकज कुमार शुक्ल, सीएमओ मनोज शर्मा, एसीएमओ डॉ.हरेन्द्र मलिक, जिला हौम्योपैथिक अधिकारी डॉ.महेश चन्द्र, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ.आशुतोष पन्त, सहित डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव, डॉ.एसके गोस्वामी, सांसद प्रतिनिधि अतुल जोशी, मेयर प्रतिनिधि हरीश कुमार, विधायक प्रतिनिधि राजेश जग्गा, सहित सम्बन्धित चिकित्सक व कार्यालय स्टाफ उपस्थित थे।

# सादे समारोह में हो बार सदस्यों का शपथ समारोह: छाबड़ा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जिला बार एसोसिएशन उधमसिंहनगर के पूर्व अध्यक्ष सुभाष छाबड़ा ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई उनकी विजय को उनकी कर्मठता और बार के प्रति समर्पण की विजय बताया है। उन्होंने आशा व्यक्त की है पदाधिकारी के रूप में कार्य करते हुए भी उनका समर्पण भाव जारी रहेगा । एडवोकेट छाबड़ा ने आशा व्यक्त की है कि बार का शपथ ग्रहण कार्यक्रम अत्यंत ही सादा होगा और बार के पैसे की बचत होगी जो बार के अन्य विकास कार्यों पर काम आएगी उन्होंने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी से अनुरोध किया है कि बार की लायब्रेरी को व्यवस्थित रूप दिया जाए तथा उसे कम्प्यूटरीकृत किया जाए । वरिष्ठ अधिवक्ता आर पी सिंह, सुरेंद्र गिरधर, संजीव फौगाट , गौरवमिड्ढा , होमी कुरेशी, महाविद्यालय छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट अभिनव छाबड़ा निवर्तमान कोषाध्यक्ष कमल चिलाना , गुरुबाज सिंह , खुभेंदरभान सिंह , बॉबी सागर , मीरा चौहान , वरिष्ठ अधिवक्ता राधेश्यामशुक्ला तथा दयानन्द जायसवाल समेत तमाम वकीलों ने नवनिर्वाचित बार कार्यकारिणी को बधाई दी है ।

# वेंडिंग जोन स्थल चिन्हित करने पर लघु व्यापारियों में खुशी

## सीएम, विधायक, मेयर और नगर आयुक्त का जताया आभार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। लघु व्यापार एसोसिएशन के महानगर अध्यक्ष सुरेश शर्मा की अध्यक्षता में लघु व्यापारियों की आयोजित हुई बैठक में वर्षों पुरानी वेंडिंग जॉन की मांग पूरा होने तथा निगम प्रशासन द्वारा चयनित वेंडिंग जॉन स्थलों पर बोर्ड लगाए जाने पर हर्ष व्यक्त किया गया। बैठक में एक मत से यह मांग पूरी होने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, विधायक शिव अरोरा, मेयर रामपाल सिंह तथा मुख्य नगर आयुक्त व सीडीओ विशाल मिश्रा का आभार व्यक्त किया गया। अपने संबोधन में अध्यक्ष सुरेश शर्मा ने कहा कि एसोसिएशन लगातार काफी बरसों से वेंडिंग जोन की मांग करती आ रही थी। जिसको लेकर काफी आंदोलन धरना प्रदर्शन एवं जनप्रतिनिधियों के साथ में लेकर ज्ञापन भी दिए गए। उन्होंने कहा राष्ट्रीय नीति नियमावली के तहत जो कि संपूर्ण देश के साथ उत्तराखंड में भी लागू है। श्री कारआरमां ने बताया राष्ट्रीय फेरी नीति नियमन के तहत नगर निगम द्वारा रेहड़ी पटरी वालों का पूर्व में सर्वे किया गया। करीब बारह सौ लघु व्यापारियों पट्टी वालों का नगर निगम में पंजीकरण कराया गया। नगर आयुक्त द्वारा टाउन कमेटी के साथ एक बैठक हुई। जिसमें कुछ निर्णय लिए गए थे। शीघ्र से शीघ्र हरिद्वार, देहरादून, रुड़की की तर्ज पर रुद्रपुर में भी वेंडिंग जोन बनाए जाएंगे। इसमें जगह चिन्हित की गई और अब नगर निगम द्वारा चिन्हित की गई जगह मोदी मैदान, ट्रांजिट कैंप, जेसीज स्कूल के पास, इंद्रा कालोनी गली नंबर एक, गल्ला मंडी, सब्जी मंडी, विद्युत विभाग के समीप आदि स्थानों पर अपने बोर्ड लगा दिए हैं और यूनियन को आशा है कि शीघ्र से शीघ्र वेंडिंग जोन बनकर तैयार हो जाएगा। श्री शर्मा ने कहा रेहडी पटरी वाले लघु व्यवसाईयों को वेंडिंग जोन में स्थान मिलने से शहर की यातायात व्यवस्था सुधरेगी। वहीं रेहड़ी पटरी वालों को भी सम्मान से कारोबार करने का अवसर प्राप्त मिलेगा। इस दौरान अन्य कई वक्ताओं ने भी संबोधित किया। बैठक में आभार प्रकट करने वालों में जिला अध्यक्ष गुलशन नारंग, सुभाष गुप्ता, सुभाष रस्तोगी, अकाश पाल, अजीत मंडल, महेंद्र सागर, प्रेम दिवाकर, दिनेश रस्तोगी, शेर सिंह कोली, विश्वनाथ यादव, नन्हे सागर, अशोक रस्तोगी, प्रहलाद सिंह राजू कोली, अकील अहमद आदि शामिल थे।














ANANT GRAPHICS
We Deals In
All Kinds of Printing Solution...
Price | Time | Quality
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur
More information call us 98377 77818
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com



# शिवरात्रि के पावन पर्व पर भोले बाबा का कीर्तन

दिनांक: 16 फरवरी 2023 सांय 3 बजे, दिनांक 17 फरवरी 2023 प्रात: 10 बजे से

स्थान–नेक्सा ट्रूवेल्यू, काशीपुर रोड
ग्रीन पार्क गेट के सामने, रुद्रपुर

भंडारा और कांवरियों की सेवा में निरंतर रहेगा। कांवरियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था रहेगी।

आयोजक–श्री शिव सेवा संस्थान
एवं सांध्य दैनिक उत्तरांचल दर्पण


# राज्यपाल ने किया 'दून स्वच्छता चौपाल' का शुभारंभ किया

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) ने शुक्रवार को महिंद्रा ग्राउंड में देहरादून छावनी परिषद द्वारा आयोजित दो दिवसीय 'दून स्वच्छता चौपाल' का शुभारंभ किया। इस दौरान राज्यपाल ने विभिन्न स्टॉल्स का निरीक्षण कर आधुनिक तकनीक से बने कूड़ा निस्तारण उपकरणों व प्लास्टिक वेस्ट से बने उत्पादों की जानकारी ली। राज्यपाल ने कार्यक्रम में लगे स्टॉल्स की सराहना करते हुए कहा कि विभिन्न संस्थानों और सामाजिक संगठनों द्वारा वेस्ट मटेरियल को बेस्ट मटेरियल के रूप में परिवर्तित कर उसको उपयोगी बनाया है, जो कि सराहनीय है। उन्होंने छावनी परिषद को इस आयोजन हेतु बधाई देते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि प्लास्टिक और वेस्ट मटेरियल पर गंभीरता से विचार किया जाए व अपने आसपास इसके प्रति जन– जागरूकता फैलाई जाए। राज्यपाल ने कहा कि वर्ष 2014 से देश में स्वच्छता को लेकर एक नई क्रांति की शुरुआत हुई है, जिसे प्रधानमंत्री जी द्वारा 'स्वच्छ भारत मिशन' के रूप में आगे बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि यह बदलाव की शुरुआत है और आने वाले समय में यह बदलाव की लहर बहुत दूर तक जाएगी। राज्यपाल ने कार्यक्रम में मौजूद समस्त शहरी निकाय एवं पंचायत प्रमुख से अपेक्षा की है कि वे सभी अपने क्षेत्रों में इंदौर मॉडल को अपनाते हुए अपने नगर निकायों को स्वच्छ बनाएंगे। राज्यपाल ने कहा कि स्वच्छता बनाए रखने के लिए स्वच्छता मित्रों का सम्मान करना बेहद जरूरी है, उन्होंने कहा कि स्वच्छता मित्र ईश्वर के सबसे बड़े दूत के रूप में होते हैं, जो हमारे आसपास स्वच्छता बनाए रखने में हमारे सहयोगी होते हैं। उन्होंने कहा कि भारत एक विकसित राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ रहा है, भारत के साथ ही उत्तराखण्ड भी विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहा है। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं, लेकिन पर्यटन को आगे बढ़ाने के लिए हमें हमारे पर्यटक स्थलों पर साफ–सफाई रखना बेहद जरूरी है। हमारे धार्मिक एवं पर्यटक स्थल प्रदेश में पर्यटकों की संख्या में और अधिक वृद्धि होगी, जिसके जरिए प्रदेश की आर्थिकी में भी वृद्धि होगी। राज्यपाल ने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि इस दो दिवसीय चौपाल के माध्यम से सभी नगर निकायों के प्रतिनिधि एक संकल्प को लेकर जाएँगे और अपने क्षेत्र को स्वच्छ बनाकर उसको उत्कृष्ट बनाएँगे। इस दौरान महानिदेशक रक्षा सम्पदा अजय कुमार शर्मा, निदेशक रक्षा संपदा डा. डीएन यादव, कैंट बोर्ड अध्यक्ष ब्रिगेडियर अनिर्बन दत्ता, निदेशक शहरी विकास नवनीत पांडे, सोशल डेवलपमेंट फॉर कम्युनिटी फाउंडेशन (एसडीसी) के अध्यक्ष अनूप नौटियाल, कैंट बोर्ड के मुख्य अधिशासी अधिकारी अभिनव सिंह आदि मौजूद रहे।





# आईजी ने एसओजी व एनटीएफ को दिये कार्यप्रणाली सुधारने के निर्देश

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पुलिस महानिरीक्षक कुमायूं परीक्षेत्र डॉ. नीलेश आनंद भरणे द्वारा जनपद उधम सिंह नगर व नैनीताल के एसओजी एवं एनटीएफ के प्रभारी व टीम के कार्यों की समीक्षा की गई। उन्होंने दोनों विभागों के अधिकारियों से कार्यप्रणाली में सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्हों ने कहा कि विगत 6 माह में एसओजी द्वारा नौकरी का झांसा देने वाला, अवैध हथियारों की फैक्ट्री, किसी बड़े गैंग पर कार्यवाही, विदेशों में नौकरी का झांसा देने वाले गैंग का बड़ा खुलासा नहीं किया गया है। खुद की मुखबिरी से कोई बड़ा खुलासा नहीं किया है। साथ ही ड्रग्स के मामले काफी कम दर्ज है। गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई काफी कम है। रंगदारी करने वालों के पर कार्यवाही शून्य है। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि रेगुलर क्राइम में एसओजी को इस्तेमाल ना करें। एसओजी का प्रयोग बड़ी घटनाओं के लिए ही करें छोटी–छोटी घटनाओं को स्थानीय थाना से संपादित करें।



# रिटेल आउटलेट पैट्रोल पंप का शुभारंभ

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य तरुण बंसल के नव प्रतिष्ठान इंडियन ऑयल के रिटेल आउटलेट पैट्रोल पंप श्री श्याम फीलिंग स्टेशन का देवलचौड़ में महर्षि विद्या मंदिर स्कूल के समीप गत दिवस शुभारंभ हुआ। जिसका उद्धघाटन भाजपा प्रदेश महामंत्री राजेंद्र बिष्ट, कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत व मेयर जोगेंद्र रौतेला ने धार्मिक अनुष्ठानों के बीच फीता काटकर किया। पैट्रोल पंप के एमडी तरुण बंसल व रविश कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि वहां उच्च गुणवत्ता के पैट्रोलियम पदार्थ वाहन स्वामियों को उपलब्ध कराए जाएंगे। इस मौके पर राजेंद्र बिष्ट, रेनू अधिकारी, प्रदीप बिष्ट, आनंद सिंह दरमवाल, विनीत अग्रवाल, प्रताप रैकवाल, हरिमोहन अरोड़ा, गौरव अग्रवाल, संदीप कुकसाल, मनीष पाल, राहुल झींगरण, दिनेश आर्य, सहित अनेकों लोगों ने प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य तरुण बंसल को बधाई दी।



उत्तरांचल दर्पण

सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# अडाणी समूह की सफाई

भारत में सबसे प्रतिष्ठित औद्योगिक समूहों में शामिल अडाणी समूह को लेकर हिंडनबर्ग का सर्वेक्षण आया है, विपक्ष के निशाने पर सरकार आ गई है। विपक्षी दलों की मांग है कि इस मामले में सरकार जवाब दे। इस हंगामे के चलते संसद का बजट सत्र बार-बार स्थगित करना पड़ा। कामकाज बाधित रहे। हालांकि अडाणी समूह इस मामले में लगातार सफाई देने और अपनी स्थिति सुधारने में जुटा हुआ है, मगर शेयर बाजार में उसकी कंपनियों के शेयर लगातार नीचे की तरफ रुख किए हुए हैं। दुनिया के तीसरे नंबर के सबसे अमीर उद्यमी के पायदान से खिसक कर अडाणी शीर्ष बीस की सूची से भी नीचे चले गए हैं। ऐसे में भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर तरह-तरह की चिंताएं जताई जाने लगी हैं। सबसे अधिक भ्रम आम निवेशकों में फैला हुआ है, जिन्होंने विभिन्न सरकारी संस्थानों में पैसे निवेश किए हैं। इसलिए कि अडाणी की कंपनियों में सबसे अधिक पैसा सरकारी बैंकों और भारतीय जीवन बीमा निगम जैसे संस्थानों का लगा हुआ है। हिंडनबर्ग का कहना है कि अडाणी समूह ने धोखाधड़ी करके अपनी कंपनियों के लिए सरकारी बैंकों से कर्ज लिया है और उनके शेयरों की कीमतें गलत ढंग से बढ़ा-चढ़ा कर पेश की गई हैं, जबकि वास्तव में उनका मूल्य काफी कम है। विपक्ष इसलिए सरकार पर हमलावर है कि उसका कहना है कि सरकार की सहमति से ही अडाणी समूह की कंपनियों को कर्ज दिए गए हैं। फिर यह कि जिन बैंकों ने कर्ज दिया, उन्होंने अडाणी समूह की कंपनियों की वास्तविक हैसियत का मूल्यांकन किए बिना आंख मूंद कर इतनी भारी रकम कैसे उनमें लगा दी। जीवन बीमा निगम ने भी किस आधार पर इतने बड़े पैमाने पर उसके शेयर खरीद लिए। फिर सवाल यह भी उठ रहा है कि प्रतिभूति बाजार में हुई गड़बड़ियों पर नजर रखने की जिम्मेदारी सेबी की है, वह कैसे और क्यों अपनी आंखें बंद किए बैठा रहा। अब भी जब अडाणी समूह की कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट देखी जा रही है, वह चुप्पी क्यों साधे हुए है। रिजर्व बैंक ने जरूर उन बैंकों से स्थिति रपट मांगी है, जिन्होंने अडाणी समूह की कंपनियों को कर्ज दिया है। मगर बहुत सारे लोगों को इस कार्रवाई पर भरोसा इसलिए नहीं हो रहा कि सरकार ने भी अभी तक चुप्पी साध रखी है। हालांकि शेयर बाजार में उथल-पुथल का असर कंपनियों की पूंजी और साख पर पड़ता है और इस बाजार के सटोरिए ऐसा खेल करते रहते हैं। मगर अडाणी समूह के शेयरों की गिरती कीमतों का मामला केवल इतना भर नहीं है। इसमें सरकार पर भी अंगुलियां उठ रही हैं कि उसी की सहमति से बैंकों ने नियम-कायदों को ताक पर रख कर कर्ज दिया। अडाणी समूह की कंपनियों के शेयरों की कीमतें गिरने से उन निवेशकों की धड़कनें बढ़ गई हैं, जिन्होंने इनमें काफी पूंजी लगा रखी है। उन्हें चिंता है कि उनकी पूंजी कभी लौट भी पाएगी या नहीं। हालांकि अडाणी खुद निवेशकों को भरोसा दिला रहे हैं कि उनकी साख कमजोर नहीं हुई है और उनके खिलाफ साजिश रची गई है। मगर भ्रम और आशंकाओं के बादल छंट नहीं रहे। ऐसे में सरकार से चुप्पी तोड़ कर इस मामले में सीधा और व्यावहारिक हस्तक्षेप की अपेक्षा की जाती है। निवेशकों का भरोसा कायम रहना बहुत जरूरी है। फिर, इस मामले में चूंकि सरकार की साख भी दांव पर लगी है, इसलिए उसे निष्पक्षता का परिचय देना ही चाहिए। सरकार जितनी देर चुप्पी साधे रहेगी, विपक्ष को उसे घेरने का मौका मिलता रहेगा।

# चौकी प्रभारियों को दिये प्रभावी पुलिसिंग के निर्देश

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। एसएसपी प्रदीप कुमार राय ने पुलिस कार्यालय अल्मोड़ा में जनपद के समस्त चौकी प्रभारियों का आदेश कक्ष आयोजित कर उनके पास लम्बित विवेचनाओं/जाँच प्रार्थना पत्रों व न्यायालय द्वारा जारी आदेशिकाओं की तामीली तथा निरोधात्मक कार्यवाही की समीक्षा कर बेहतर व प्रभावी कार्यवाही हेतु आवश्यक दिशा- निर्देश निर्गत किये गये। समस्त चौकी प्रभारियों को विवेचना के प्रत्येक पहलू पर गहनता से विवेचना सम्पादित कर लम्बित विवेचनाओं का गुण-दोष के आधार पर सफल निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। चौकी प्रभारियों के पास लम्बित जांच प्रार्थना पत्रों, वारण्टों आदि की समीक्षा कर प्रार्थना पत्रों को निर्धारित समय में निस्तारण करने व वारण्टों की शत-प्रतिशत तामीली हेतु निर्देशित किया गया। चौकी क्षेत्रान्तर्गत प्रभावी गश्त/पिकेट व चेंकिंग करते हुए अधिक से अधिक निरोधात्मक कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंचौकी क्षेत्र में नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री/तस्करी करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर सख्त कार्यवाही करेंचौकी क्षेत्र में स्थित होटल/ढाबों,रेस्टोरेन्टों व रिजार्ट,होमस्टे आदि की समय-समय पर चेकिंग करें



किसी भी प्रकार की अनियमितता पाये जाने पर सम्बन्धित के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करें।चौकी क्षेत्र में स्थित स्कूलों/ कालेजों व गाँव मोहल्लों में अधिक से अधिक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कर छात्र- छात्राओं व आमजन को साईबर अपराध, यातायात नियमों, महिला अपराध/सुरक्षा व उत्तराखण्ड पुलिस एप, गौरा शक्ति सहित पुलिस की अन्य आँनलाईन सुविधाओं एवं पुलिस हेल्पलाईन नम्बरों की जानकारी देकर जागरुक करें चौकी क्षेत्र में निवासरत बाहरी व्यक्तियों का शत-प्रतिशत भौतिक सत्यापन करें व चौकी क्षेत्रान्तर्गत अराजक तत्वों, नशेड़ियों व आदतन अपराधियों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए उनके विरुद् कठोर वैधानिक कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें।जनता के साथ अच्छा व्यवहार रखते हुए चौकी में आने वाले आगन्तुकों शिकायतकर्ताओं की समस्या को भली-भाति सुनकर उनका निस्तारण करें। गोष्ठी में उपस्थित नवसृजित पुलिस चौकियों के प्रभारियों को जनता व जनप्रतिनिधियों के साथ गोष्ठी आयोजित कर प्रभावी पुलिसिंग हेतु बेहतर सामंजस्य स्थापित करने के निर्देश दिये गये गोष्ठी में निरीक्षक अशोक धनकड़, वाचक एसएसपी अल्मोड़ा, उनिबिशल लाल,चौकी प्रभारी एनटीडी,उ0नि0 संजय जोशी, चौकी प्रभारी मोरनौला, उ0नि0 मदन मोहन जोशी, चौकी प्रभारी भिकियासैंण, म0उ0नि0 मीना आर्या,चौकी प्रभारी जागेश्वर, उ0नि0 सुनील कुमार, चौकी प्रभारी जैती, उ0नि0 मोहन सिंह सौन, चौकी प्रभारी मजखाली, उ0नि0 धरम सिंह, चौकी प्रभारी ताकुला,उ0नि0 राजेन्द्र कुमार, चौकी प्रभारी बग्वाली पोखर व अ0उ0नि0 राजेन्द्र प्रसाद, चौकी धारानौला उपस्थित रहे।

# चिकित्सा व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने के निर्देश

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। जिला चिकित्सालय, महिला चिकित्सालय तथा बेस चिकित्सालय की प्रबंधन समितियों की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी वंदना की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में जिलाधिकारी ने अस्पताल की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के संबंध में संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान प्रबंधन समिति के सदस्यों तथा जनप्रतिनिधियों के द्वारा समय समय पर अस्पताल संचालन को लेकर उठाए गए मामलों पर भी चर्चा की गई। जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं को लेकर जिलाधिकारी ने कहा कि अस्पताल में सफाई की व्यवस्था, वार्डों में हीटर की व्यवस्था समेत सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को बनाए रखें। उन्होंने आवश्यक सामग्री की खरीद करने के निर्देश दिए साथ ही उन्होंने कहा कि अनुपयुक्त सामग्री की नीलामी कर उसका निस्तारण कर लिया जाए। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि



अल्ट्रासाउंड की सुविधा निरंतर चालू रहे। इसके लिए उन्होंने प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक को निर्देश दिए कि ब्लॉक वार रोस्टर बनाकर रोस्टर का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए। उन्होंने कहा कि चिकित्सा अधीक्षक समय समय पर व्यवस्थाओं की अपने स्तर पर समीक्षा करते रहें। इस दौरान जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिए कि जिस दवाई का पूरक अस्पताल में उपलब्ध हो, तो वह दवा बाहर से न लिखें। उन्होंने कहा कि डॉक्टर उपलब्ध दवाओं का सदुपयोग करें। उन्होंने कहा कि यदि उपलब्ध दवाई या इसका पूरक होते हुए भी डॉक्टर द्वारा बाहर से दवाई लेने को लिखा तो संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई कीजाएगी जिलाधिकारी ने महिला अस्पताल की व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की। इस दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जो कार्य रूटीन में चल रहे हैं, उनको निरंतर रखें तथा अनुमोदन की प्रत्याशा में कार्यवाही करते रहें। बेस अस्पताल की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने ऑपरेशन थिएटर के संचालन को लेकर भी कार्यदाई संस्था एवं अस्पताल के अधिकारियों को कहा कि जो भी अवशेष कार्य हैं, उन्हें पूर्ण करते हुए ओटी का संचालन जल्द से जल्द करना सुनिश्चित करें।बैठक में विधायक अल्मोड़ा मनोज तिवारी, नगरपालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, सीएमओ डॉ आरसी पंत समेत अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

# कर्म हमारा धर्म है : संत रविदास

महान संत, दर्शनशास्त्री, कवि, समाज-सुधारक और ईश्वर के अनुयायी संत शिरोमणि रविदास के जन्म को लेकर सबकी अपनी-अपनी राय है। कुछ लोगों का मानना है कि उनका जन्म 1376-77 के आसपास हुआ था, कोई 1399 ई. कुछ दस्तावेजों के अनुसार रविदास 1450 और 1520 के बीच रहे। मान्यता के अनुसार रविदास का जन्म माघ पूर्णिमा के दिनवाराणसी के निकट सीर गोवधनगांव में हुआ था। उनकी माता कालसा देवी थीं और उनके पिता संतोख दास थे। 16 फरवरी को माघ पूर्णिमा है। अलौकिक, संत रविदास भारत में 15 वीं शताब्दी के संत परंपरा में एक चमकते नेतृत्वकर्ता और उत्तर भारतीय भक्ति आंदोलन को नेतृत्व देते थे। उन्होंने अपने महान कविता लेखन के जरिए विविध प्रकार के आध्यात्मिक और सामाजिक संदेश दिए। उन्होंने समानता पर जोर दिया जहां प्रत्येक नागरिक को सामाजिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक मानवाधिकारों का आनंद मिलेगा। उनके भक्ति छंद सिख धर्मग्रंथों, गुरु ग्रंथ साहिब में शामिल हैं। स्तुत्य, भक्ति आंदोलन के प्रमुख संतों में से एक रविदास ने 120 वर्ष की आयु में 1540 ईस्वी में वाराणसी में देहत्याग दिया। रविदास के अनमोल वचन थे कि कोई भी व्यक्ति छोटा या बड़ा अपने जन्म के कारण नहीं बल्कि अपने कर्म के कारण होता है। व्यक्ति के कर्म ही उसे ऊंचा या नीचा बनाते हैं। हमें हमेशा कर्म करते रहना चाहिए और साथ साथ मिलने वाले फल की भी आशा नहीं छोड़नी चाहिए क्योंकि कर्म हमारा धर्म है और फल हमारा सौभाग्य है। जिस प्रकार तेज हवा के कारण सागर में बड़ी-बड़ी लहरें उठती है और फिर सागर में समा जाती है। उनका अलग अस्तित्व नहीं होता इसी प्रकार परमात्मा के बिना मानव का भी कोई अस्तित्व नहीं है। मोह माया में फंसा जीव भटकता रहता है इस माया को बनाने वाला ही मुक्तिदाता है। उत्कंठ, संत रविदास की मशहूर कहावत 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' को ज्यादातर लोगों को बोलते हुए सुना होगा। इस कहावत का अर्थ है अगर व्यक्ति का मन शुद्ध है, किसी काम को करने की उसकी नीयत अच्छी है तो उसका हर कार्य गंगा के समान पवित्र है। दरअसल इस कहावत का जन्म उस समय हुआ जब एक बार संत रविदास के कुछ विद्यार्थी और अनुयायी ने पवित्र नदी गंगा में स्नान के लिये पूछा तो उन्होंने ये कह कर मना किया कि उन्होंने पहले से ही अपने एक ग्राहक को जूता देने का वादा कर दिया है तो अब वही उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। रविदास जी के एक विद्यार्थी ने उनसे दुबारा निवेदन किया तब उन्होंने कहा उनका मानना है कि "मन चंगा तो कठौती में गंगा" मतलब शरीर को आत्मा से पवित्र होने की जरुरत है ना कि किसी पवित्र नदी में नहाने से, अगर हमारी आत्मा और हृदय शुद्ध है तो हम पूरी तरह से पवित्र है चाहे हम घर में ही क्यों न नहाये। वस्तुत: संत रविदास ने समाज में फैली कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाई। छुआछूत आदि का उन्होंने विरोध किया और पूरे जीवन इन कुरीतियों के खिलाफ ही काम करते रहे। उन्होंने लोगों को संदेश दिया कि ईश्वर ने इंसान बनाया है ना कि इंसान ने ईश्वर बनाया है अर्थात इस धरती पर सभी को भगवान ने बनाया है और सभी के अधिकार समान है। इस सामाजिक परिस्थिति के संदर्भ में, संत गुरु रविदास ने लोगों को वैश्विक भाईचारा और सहिष्णुता का ज्ञान दिया। अभिभूत, गुरुजी के अध्यापन से प्रभावित होकर चितौड़ साम्राज्य के राजा, रानी और अनेकानेक जन उनके अनुयायी बनकर भक्ति मार्ग में विलीन हो गए। यथेष्ठर संत शिरोमणि रविदास के एक-एक सबक आज तलक कालजयी बनकर मानव कल्याण के निहितार्थ प्रेरणापुंज हैं।

**-हेमेन्द्र क्षीरसागर, पत्रकार, लेखक व स्तंभकार**

# केएमओयू स्टेशन में टूटी जाली में पैर फंसने से यात्री हो रहे चोटिल

बागेश्वर (उद संवाददाता)।बस स्टेशन पर नाली की ऊपर की जाली क्षतिग्रस्त हो गई है। आए दिन लोगों के पांव जाली में फंस रहे हैं। वह चोटिल भी हो रहे हैं। गंदगी से बजबजाई नाली में उनका पैर भी खराब हो रहे हैं। जिससे स्थानीय व्यापारियों में आक्रोश है। उन्होंने नालियों की जाली की मरम्मत कराने की मांग की है। ऐसा नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। केएमओयू स्टेशन को जाने वाले रास्ते की नाली के ऊपर की जाली क्षतिग्रस्त है। जिसमें यात्री, चालक और केएमओयू स्टेशन के कर्मचारी कई बार घायल हो गए हैं। केएमओयू इंचार्ज धरणीधर जोशी ने कहा कि पालिका को कई बार शिकायत कर दी है। आए दिन यात्री चोटिल हो रहे हैं। जबकि पालिका ने उत्तरायणी मेले के दौरान लाखों रुपये नगर के सुंदरीकरण पर व्यय किए। स्टेशन की तरफ ध्यान नहीं दिया। गंदी नाली में कई बार लोग गिर भी रहे हैं। जिससे उनके कपड़े और जूते खराब हो जाते हैं। कई यात्री चोटिल भी हो गए हैं। व्यापारी कैलाश जोशी, नवीन जोशी, आशीष उपाध्याय, शंकू राना, पूरन राना आदि ने कहा कि केएमओ बसों के अलावा रोडवेज की बसें भी यहां पार्क होती हैं। सवारियां उतरने और चढ़ने का स्थान भी है। उन्होंने कहा कि नाली की जाली की शीघ्र मरम्मत नहीं की गई तो आंदोलन किया जाएगा। इधर, ईओ सतीश कुमार ने कहा कि नालियों की नियमित सफाई की जा रही है। जाली को भी शीघ्र दुरुस्त कर लिया जाएगा।



# सहकारी समिति कर्मियों ने किया धरना प्रदर्शन

नानकमत्ता (उद संवाददाता)। नानकमत्ता दीर्घाकार सहकारी समिति के कर्मचारियों ने वेतन तथा भत्ते की मांग की लेकर समिति परिसर मेधा न प्रदर्शन किया। रोषित कर्मियों का कहना है कि उन्हें तीन चार माह से वेतन भत्ते का भुगतान नहीं किया जा रहा है। जिसके खिलाफ सहकारी समितियां कर्मचारी यूनियन के बैनर तले धरना प्रदर्शन शुरू किया गया है। उन्होंने कहा जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होंगी आंदोलन जारी रहेगा। इस



दौरान सी 57 लागू करने का भी विरोध किया गया। धरना प्रदर्शन करने वालों में यूनियन के अध्यक्ष प्रकाश चंद जोशी, सचिव शुभम कुमार, उपाध्यक्ष राजकुमार शर्मा, मीडिया प्रभारी पंकज अरोरा,अरुण सोलंकी,रमेश जोशी, लक्ष्मण सिंह, दिनेश यदुवंशी, नीतिनि गाबड़ी, सचिन कुमार, पुष्कर पंत, शीतल, गोविंद सिंह रावत, हिमांशु चंद्रा, भारत भूषण, अरविंद गुप्ता, एनके गोस्वामी, बलवंत रावत, दिनेश राणा आदि मौजूद थे।

# बीस हजार का ईनामी बदमाश दबोचा

किच्छा(उद संवाददाता)। सितारगंज पुलिस ने कार्यवाही करते हुए ईनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। खुलासा करते हुए एसपी सिटी एम के कठायत ने बताया कि सुकेश सक्सैना , अभियुक्त राजवीर सिंह पुत्र राम सिंह निवासी जगवासई थाना मूसाझाग जिला बदायू उत्तर प्रदेश व अभियुक्त आशीष निवासी नगरिया जिला कासगंज लगातार फरार चल रहे थे उनकी गिरफ्तारी हेतु एसएसपी द्वारा 20 हजार और 15 हजार का ईनाम घोषित किया था। मुखविर की सूचना पर पुलिस टीम ने दिल्ली से अभियुक्त राजवीर सिंह को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के आपराधिक इतिहास के सम्बन्ध में जानकारी की जा रही है। आशीष की गिरफ्तारी हेतु प्रयास किया जा रहा है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक भूपेन्द्र सिंह बृजवाल, एसएसआई विनोद, उपनिरीक्षक संजय बोरा, कवीन्द्र शर्मा, कांस्टेबल बलवन्त सिंह,किरन कुमार मेहता, भूपेन्द्र कुमार आदि शामिल थे।

# आम जनता मँहगाई,बेरोजगारी,आपदा और कुशासन से त्रस्त

## अल्मोड़ा में काँग्रेस की हाथ से हाथ जोडों यात्रा में हरदा ने भरा जोश

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। काँग्रेस के राष्ट्रीय कार्यक्रम हाथ से हाथ जोडों के द्वितीय चरण में नगर के मुख्य बाजार में यात्रा निकालकर काँग्रेस ने राष्ट्रीय एकता के नारे का उदघोष करके जनता के बीच नफरत छोड़ो हाथ से हाथ जोडों का नारा दिया। यात्रा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि







अखिल भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस के महासचिव एंव पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि देश बहुत बुरे दौर से गुजर रहा हैं। भाजपा सरकार के राज में उत्तराखंड की आम जनता हताशा, मँहगाई, बेरोजगारी, आपदा और कुशासन से त्रस्त है। जनता में आज विश्वास पैदा करना सबसे बड़ी चुनौती हैं। उन्होंने कहा कि काँग्रेस नेता राहुल गांधी ने देश मे जनता में नया विश्वास पध्दा करने और जनता की तकलीफों को साझा करने के लिए कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोडों यात्रा निकाली और देश की जनता का अभूतपूर्व सहयोग और प्यार गाँधी जी को मिला। उन्होंने कहा कि देश के संविधान को बचाने के लिए हमें जनता में हाथ से हाथ जोडों कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कमर कसनी होगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक काँग्रेस कार्यकर्ता को यात्रा को सफल बनाने के लिए आगे आना होगा।यात्रा में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविन्द सिंह कुँजवाल, पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा, यात्रा के संयोजक अल्मोड़ा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र भोज, महिला जिलाध्यक्ष लता तिवारी, नगराध्यक्ष तारा चन्द्र जोशी, पूर्व प्रांतीय सचिव एंव नगर प्रभारी त्रिलोचन जोशी, वरिष्ठ काँग्रेसी मनोज सनवाल, दीप सिंह डाँगी, दिवान सतवाल, ब्लाँक अध्यक्ष पूरन सुप्याल, देवेन्द्र बिष्ट, शिवराज नयाल, अमरजीत भाकुनी, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र बाराकोटी, महिला जिला महामंत्री राधा बिष्ट, सुनील कर्नाटक, नमित जोशी, पंकज वर्मा, कार्तिक साह, जिला महासचिव गीता महरा, भगवती मटेला, प्रीति बिष्ट, दीपा साह, शरद चन्द्र साह, शोभा जोशी, हेम चन्द्र जोशीअल्मोडा जिला प्रभारी महेश शर्मासूरज वाणी, सरस्वती मटेला,दीवान सतवाल, देवेंद्र बिष्ट पूर्व नगर अध्यक्ष पूरन रोतैला, गोपाल चौहान, रोहित रौतेला, अमित बिष्ट, परितोष जोशी,सरस्वती रोडिया,जया जोशी ,नारायण दत्त पांडे, गोपाल शाह,महेश आर्या,लक्ष्मण सिंह , अख्तर हुसैन, अमन अंसारी, नवाज खान, शोभा जोशी, प्रकाश रावत, संजय दुर्गापाल, सुनील जोशी ,हीरा सिंह बिष्ट, वि के भट्,प्रताप सत्याल, पंकज कार्की, मनोज जोशी ,मदन डांगी, कार्तिक शाह, मयंक बिष्ट, नितिन रावत, नवल बिष्ट, वीरेंद्र सिंह बंगारी, मनोज बिष्ट, छेत्र पंचायत सदस्य परितोष जोशी, ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र बिष्ट, पूरन सुप्याल शिवराज नयाल, वैभव,पांडे, गौरव वर्मा, मनोज वर्मा, पंकज वर्मा,गिरीश धवन, राजेश पालनी, दिनेश जोशी, कमलेश बिष्ट अनिल कुमार, प्रकाश जोशी, अनिल चावला, देवेंद्र बिष्ट डिंपल, जीवन भंडारी शिकंदर पवार, बहादुर अधिकारी, हिमांशु मेहता, प्रदीप बिष्ट, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सड़क किनारे खड़े आड़े तिरछे वाहनों के खिलाफ चला अभियान

काशीपुर(उद संवाददाता)। पुलिस अधीक्षक अभय प्रताप सिंह के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस ने जेल रोड, बाजपुर रोड, कटोरा ताल, साहनी





रिसॉर्ट, चीमा चौराहा, मेन मार्केट, रतन रोड, एमपी चौक, सब्जी मंडी इत्यादि भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सघन तरीके से अभियान चलाते हुए सड़क किनारे खड़े आड़े तिरछे वाहनों के खिलाफ कार्यवाही की। अतिक्रमण के विरुद्ध की गई पुलिस द्वारा कार्यवाही से लोगों में हड़कंप देखा जा रहा है। जानकारी के मुताबिक पिछले कुछ समय से एमपी चौक रतन रोड मेन मार्केट तहसील रोड आदि भीड़भाड़ वाले स्थानों पर दुकानों के सामने आड़े तिरछे वाहनों के खड़े होने की वजह से यातायात बुरी तरह से अवरुद्ध हो रहा था इसी को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक अभय प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सघन तरीके से अभियान चलाते हुए अवैध अतिक्रमण को चिन्हित करते हुए अस्थाई अतिक्रमण को हटाने का काम किया। इस दौरान दुकानों के बाहर सामान लगाने वाले अवैध फंड़ ठेलों तथा अपने वाहनों को गलत तरीके से पार करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 14 वाहनों को सीज कर दिया जबकि 32 वाहनों के चालान कर 17 हजार रुपयों की रकम संयोजन शुल्क के रूप में वसूल की। इस दौरान पुलिस अधिनियम के तहत टीम में 27 चालान कर 9000 से योजन शुल्क वसूल किए। पुलिस की इस कार्यवाही से लोगों में हड़कंप देखा गया।

## चोरी हुआ डंपर चार घंटे के भीतर बरामद, दो गिरफ्तार

किच्छा(उद संवाददाता)। सिडकुल ढाल से चोरी किया गया 35 लाख रुपए मूल्य का डंपर किच्छा पुलिस ने घटना के चार घंटे के अंदर बरामद कर घटना मे शामिल दो अभियुक्तों को भी गिरफ्तार कर लिया। मामले का खुलासा करते हुए एसपी सिटी एम के कठायत एवं क्षेत्राधिकारी ओम प्रकाश शर्मा ने बताया कि मुरादाबाद निवासी छोटे पुत्र शरीफ ने सूचना दी कि उसका डंपर संख्या 18सीए



7475 अज्ञात लोगों द्वार चुरा लिया है।पुलिस ने कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम का गठन किया और डंपर की तलाश शुरू कर दी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने खुरपिया गेट के पास डंपर को बरामद कर लिया तथा भाग रहे डंपर चोर को भी धर दबोचा। जिसने पूछताछ मे उसने अपना नाम अमित सरकार उर्फ बाबू निवासी ट्रांजिट कैप रूद्रपुर और वीरेंद्र निवासी ट्रांजिट कैंप रूद्रपुर बताया। पुलिस ने अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दीया है।पुलिस टीम मै कोतवाली प्रभारी धीरेंद्र कुमार, राजेंद्र पंत, भगवत परिहार, संजय कुमार, दीपक बोरा शामिल थे।

## पेज एक का शेष...

**नेता प्रतिपक्ष के सामने...**इन कांग्रेसियों को मनाने का भी प्रयास किया लेकिन उन्होंने बात नहीं मानी। बाद में बहिष्कार करके आये कांग्रेसियों ने महानगर अध्यक्ष के कार्यालय में बैठक की। बहिष्कार करने वाले कांग्रेसियों ने कुछ कांग्रेसियों पर गुटबाजी और भेदभाव का आरोप लगाया। कांग्रेस नेता अनिल शर्मा का कहना था कि जानबूझकर पार्टी के कुछ लोगों की उपेक्षा की जा रही है और गुटबाजी को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रूद्रपुर में बैठक बुलायी गयी है और इस बैठक में शहर के ही प्रमुख नेताओं को तवज्जो नहीं दी गयी है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग पार्टी को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। उधर सिटी क्लब में यशपाल आर्य ने वहां मौजूद कांग्रेसजनों को हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा की तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश और जिम्मेवारियां दी। उन्होंने कहा कि हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा के माध्यम से पार्टी हर घर तक पहुंचने का प्रयास करेगी।बैठक में जसपुर विधायक आदेश चौहान, नानकमत्ता के विधायक गोपाल सिंह राणा, कार्यवाहक जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा, मोहन खेड़ा, सौरभ चिलाना, संदीप चीमा, सीपी शर्मा, इंदुमान, मदन लाल खन्ना,राजेश प्रताप सिंह, विजय भुड्डी, सुभाष बेहड़, गुड्डू तिवारी, गुलशन सिंधी, सुनीता कश्यप, विमला यादव, रेखा सोनक, विनीता गुड़िया सहित तमाम कांग्रेसी मौजूद रहे।

**पत्थर से कुचलकर..** हत्या कर दी गई। शनिवार की सुबह सांवल्दे नदी की ओर से स्कूल जा रहे बच्चों द्वारा जब यह शव मौके पर पड़ा देखा गया तो बच्चों द्वारा इसकी जानकारी ग्रामीणों को दी गई। घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।ग्रामीणों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी कई सवाल खड़े करते हुए हत्याकांड का शीघ्र खुलासा करने की मांग पुलिस से की है। वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद कई ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए। सीओ भाकुनी ने बताया कि मामले में कुछ संदिग्ध लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है तथा शव का पोस्टमार्टम कराने की कार्रवाई की जा रही है उन्होंने बताया कि हत्याकांड का शीघ्र खुलासा कर दिया जाएगा।


### नामांतरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गृहकर अभिलेखानुसार वार्ड नं. 06 भाग सं0-01 क्रमांक 261/001660 पर श्री मंजू महेता पत्नी विरेन्द्र सिंह का नाम अंकित है। जिसको रजिस्ट्री के आधार पर रूपेश कुमार पुत्र सोमनाथ नि0 बलरामनगर गिरधरनगर ने क्रय किया है। जिसको गृहकर अभिलेखों में अपना नाम रूपेश कुमार पुत्र सोमनाथ नि0 बलरामनगर गिरधरनगर ने नामांतरण के लिए अनुरोध किया है, जो गृहकर अभिलेखों में नामांतरण के लिए प्रस्तावित है। उपरोक्त नामांतरण में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ति पालिका कार्यालय में मय साक्ष्यों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। विवाद की दशा में सक्षम न्यायालय का आदेश मान्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, गदरपुर ( उधम सिंह नगर )**


**संदिग्धहालातों में...**अलग अलग शादी करा दी। युवक का विवाह बरेली के परशुरामपुर से और युवती का विवाह देवरनियां में हुआ था। पुलभट्टा थानाध्यक्ष कमलेश भट्ट ने बताया कि शनिवार सुबह लगभग 6:30 बजे उन्हें ग्रामीणों ने फोन पर घटना की सूचना दी। उन्होंने बताया कि प्रथमदृष्टया आत्महत्या का मामला प्रतीत होता है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं और मामले की जांच की जा रही है।

**मकान में घुसा...**द्वारा लापरवाही से वाहन चलाकर बिजली के 11 पोल तोड़ दिए गए थे जिसके बाद शुक्रवार की देर रात इसी गांव के ग्राम भवानीपुर में रहने वाली मोहनी देवी के मकान में एकदम पर वाहन घुसने के बाद हड़कंप मच गया। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है वल्कि इस महिला के मकान में कई जगह दरार पड़ गई है। घटना के बाद बताया जाता है कि वाहन चालक मौके से फरार हो गया तो वही मौके पर दर्जनों ग्रामीणों ने डंपर वाहन को घेरने के साथ ही पुलिस चौकी के खिलाफ अपना रोष व्यक्त किया ग्रामीणों का आरोप था कि इस क्षेत्र में चौकी पुलिस की मिलीभगत के कारण अवैध खनन व ओवरलोडिंग खुलेआम की जा रही है तो वही ग्रामीणों का यह भी आरोप था कि पुलिस कर्मियों द्वारा उनसे डंपर वाहन को न छोड़ने व जाम लगाने पर मुकदमा लगाने बाद जेल भेजने की धमकी दी गई जिसके बाद ग्रामीणों का आक्रोश पुलिस के खिलाफ और बढ़ गया। शनिवार को तहसीलदार बिपिन चंद्र पंत मौके पर पहुंचे और उन्होंने ग्रामीणों से जानकारी भी तो ग्रामीणों ने अपना रोष जताते हुए इस क्षेत्र में डंपर वाहन न गुजरने की मांग की तथा धमकी देने वाले पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई करने की मांग की जिस पर तहसीलदार द्वारा कहा गया कि इस संबंध में उच्चाधिकारियों को अवगत कराने के साथ ही पुलिसकर्मियों द्वारा दी गई धमकी पर साक्ष्य मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

**मौन व्रत के लिये पहुंचे...**संयोग से मेरे साथ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष भी बैठे हुए हैं, भराड़ीसैंण में विधानसभा भवन के सामने हमको 1 घंटे के मौन व्रत के लिए जाने नहीं दिया जा रहा है। मैंने फैसला लिया है कि मैं, विधानसभा स्पीकर और मुख्यमंत्री, दोनों की इस कदम की निंदा करता हूं और यह राज्य के लिए एक शर्मनाक स्थिति है, जो पैदा की गई है, यह गैरसैंण और गैरसैंणियत के अपमान पर नमक छिड़कने जैसा काम है। मैं विधानसभा देहरादून के सामने भी इसके विरोध में उपवास पर बैठूंगा और आज मैं अपने 1 घंटे का मौन व्रत विधानसभा की इस गेट पर प्रारंभ कर रहा हूं। राज्य सरकार ने जब भराड़ीसैंण में विधानसभा सत्र न बुलाने का फैसला किया था और कहा था ठंड है, तो मैंने उस समय अपना निश्चय घोषित किया था कि मैं इस ठंड के दौरान ही भराड़ीसैंण में जाकर 1 घंटे का मौन व्रत रखूंगा, इसलिए आज भराड़ीसैंण में विधानसभा के गेट पर मौन व्रत पर बैठा हूं। उत्तराखंडियत और भराड़ीसैंण के सवाल पर मेरा यह मौन व्रत राज्य की जनता को समर्पित है।

**२५ हजार का ईनामी...**देर रात उसे गिरफ्तार करने के बाद थाना किच्छा में दाखिल किया है। एसटीएफ की इस कार्यवाही में मुख्य आरक्षी जगपाल सिंह व आरक्षी गुरवंत सिंह की प्रमुख भूमिका रही। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसटीएफ के निरीक्षक एम0पी0 सिंह,उपनिरीक्षक विपिन चंद्र जोशी,उपनिरीक्षक के0जी0 मठपाल,मुख्य आरक्षी जगपाल सिंह,आरक्षी गुरवंत सिंह,आरक्षी नवीन कुमार, किशन चन्द्र शर्मा( सर्विलांस) आदि शामिल थे। एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि इस अभियान के दौरान एसटीएफ द्वारा अब तक 26 कुख्यात इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी की गई है। प्रदेश के अन्य इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी व धरपकड़ के लिए एसटीएफ की विभिन्न टीमें लगातार कार्य कर रही है।

**दहेज के लिये...**वंचित करने लगे। उसका समस्त व्यय मायके वाले पूर्ण कर रहे थे। ससुराली उसे भयभीत करने के लिए जला कर मारने का भी प्रयास करते थे और धमकी देते थे कि यदि यहाँ से भागी तो से जान से खत्म कर देंगे। 15 नवम्बर 2022 को उक्त सभी लोग एकजुट हो गये और उसे अमानवीय ढंग से मार मार कर कमरे में बन्द कर दिया। वह बेहेश हो गयी । जब उसे होश आया तो उसने 112 पर पुलिस व अपने पिता को सूचित किया। पुलिस के आने से पहले से पति घर से भाग गया । पिता उसें गम्भीर हालत में अपने साथ ले गये और उपचार कराया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**तमंचा व कारतूस...** जिंदा कारतूस बरामद किया। पकड़ी गई बदमाशी जरूरी पूछताछ के बाद पुलिस ने आर्म्स एक्ट के अंतर्गत उसका चालान करते हुए अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।


**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# हथियारों के साथ चार ईनामी बदमाशों को किया गिरफ्तार

किच्छा(उद संवाददाता)। पुलभट्टा थाना पुलिस ने अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है तथा चार ईनामी तहत बड़ी कार्यवाही करते हुए हुए पांच वांछित अपराधियों को विभीन्न स्थानों से गिरफ्तार किया है जिसमे एक 25 हजार रुपए का इनामी बदमाश भी किया है जिस पर गो कसी के अलावा कई अपराधिक मामले दर्ज है तथा 25 हजार का इनाम घोषित था, इसके अलावा अजीत पुर निवासी अकाश



अपराधियों मय असलाह के गिरफ्तार किया है। मामले का खुलासा करते हुए थानाध्यक्ष कमलेश भट्ट ने बताया कि उत्तराखंड पुलिस ने उतरखंड को अपराध मुक्त कराने के अभियान के शामिल है जो पिछले काफी समय से पुलिस की नाक दम किए हुए था। थानाध्यक्ष कमलेश भट्ट ने बताया कि अपराधी सलमान पुत्र छोटन निवासी इंद्रा नगर सिरौली कला को गिरफ्तार राठौर पुत्र घासीराम को सोशल मीडिया पर अवैध असलाह लेकर विडियो फैलाने तथा शांति भंग करने, बरा निवासी संदीप सिंह पुत्र कुलवंत सिंह को सिरसा नहर के पास 46 पाउच कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। इसके अलावा अभियुक्त राजू सिंह पुत्र नत्थू सिंह निवासी सिरोलीकला को भी गिरफ्तार किया है जो कि अपना नाम वा धर्म बदल कर यहां रह रहा था जिस पर रूद्रपुर,ओर अन्य थानों मै कई मुकदमे दर्ज है ,पुलिस बचने के लिए अभियुक्त ने अपनी पहचान छिपा रखी थी,।खाई बाड़ी के कार्य पर भी नकेल कसने की कारवाही भी की गई है जिसके तहत नईम पुत्र अकबर अली को 2130रुपए और खाई बाड़ी की पर्ची सहित पकड़ा गया है। पुलिस ने अभियुक्तों से एक तमंचा 12बोर मय कारतूस सहित बरामद किया है अपराधियों को पकड़ने की कार्यवाही करने कांस्टेबल रविकांत शुक्ला, आदर्श कुमार, दीपक बिष्ट, चरण सिंह, हेमंत कुमार, ललित चौधरी, महेंद्र सिंह,गजेंद्र सिंह, मनोज मेहरा, महिला कास्टेबल हेमा मेहता आदि पुलिस टीम शामिल थी।

# अवैध असलहों की सप्लाई करने वाला युवक गिरफ्तार

गदरपुर(उद संवाददाता)। पुलिस ने क्षेत्र में तमंचे बनाने के गिरोह का भंडाफोड़ किया है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस को यह सफलता मिली है। पुलिस ने मौके से तीन तमंचे, दो अधबने तमंचे और तमंचे बनाने के उपकरण बरामद किए हैं। पुलिस ने मौके से एक आरोपी को दबोच लिया, जबकि दूसरा फरार हो गया। पुलिस फरार आरोपी की तलाश कर रही है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने आर्म्स एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। शुक्रवार को एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने पत्रकार वार्ता में मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि गदरपुर थाना पुलिस को गुरुवार रात भाखड़ा पुल साबरी ईंट भट्टा के पास अवैध



रूप से तमंचे बनाए जाने की सूचना मिली। इसके बाद सीओ बाजपुर भूपेंद्र सिंह भंडारी और एसओ गदरपुर राजेश पांडेय की अगुवाई में पुलिस की दो टीम बनाई गईं। टीमों ने मौके पर छापा मारकर आरोपियों की घेराबंदी कर दी। पुलिस को देख यहां मौजूद दोनों आरोपी भागे। पुलिस टीम ने एक आरोपी युवक को दबोच लिया, लेकिन दूसरा अंधेरा का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए युवक ने अपना नाम सिकंदर पुत्र सतनाम निवासी ग्राम रायपुर रुद्रपुर बताया। जबकि अपने फरार हुए साथी का नाम गोविंद उर्फ लट्ठा पुत्र गौ मिस्त्री निवासी चितरंजनपुर दिनेशपुर बताया। पुलिस टीम ने मौके से 315 बोर के दो तमंचे, 12 बोर का एक तमंचा, 12 बोर के दो अधबने तमंचे और तमंचे बनाने के उपकरण बरामद किए। पुलिस फरार आरोपी गोविंद की तलाश कर रही है।

# एयर मार्शल एपी सिंह के वायु सेना के नये वाइस चीफ बनने से सितारगंज से जुड़ी एक और उपलब्धि

सितारगंज(उद संवाददाता)। एयर मार्शल एपी सिंह को भारतीय वायुसेना का नया उपप्रमुख नियुक्त किये जाने से सितारगंज से एक और उपलब्ध जुड़ गयी है। वायुसेना नये वाइस चीफ का ननिहाल सितारगंज में है। उनका सितारगंज में अपने ननिहाल में आना–जाना लगा रहा है। उनकी इस उपलब्धि पर उनके ननिहाल में खुशी का माहौल है। लोग बधाई देने उनके आवास व प्रतिष्ठान में पहुंच रहे है। सितारगंज में करीब 70 वर्ष पुराना हिन्दुस्तान पेट्रोलियम प्रा. लि. के संचालक नारायण सिंह एण्ड संस है। इसके स्वामी नारायण सिंह थे। उनकी पुत्री के पुत्र दिल्ली निवासी एपी सिंह ने एनडीए क्वालिफाइ किया। ट्रेनिंग के बाद उन्हें सौर्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। एपी सिंह एक दक्ष उड़ान प्रशिक्षक और प्रायोगिक परीक्षण पायलट हैं। उन्हें पांच हजार घंटे से अधिक समय तक उड़ान भरने का अनुभव है। वह बरेली में एओसी रहे हैं। एक परीक्षण पायलट के



रूप में उन्होंने मॉस्को में मिग 29 उन्नयन परियोजना प्रबंधन टीम का नेतृत्व किया। तेजस विमान की देखरेख करने वाले राष्ट्रीय उड़ान परीक्षण केंद्र में परियोजना निदेशक रहे थे। उन्होंने दक्षिण पश्चिमी वायु कमान में वायु रक्षा कमांडर और पूर्वी वायु कमान में वरिष्ठ स्टाफ अधि कारी के पदों में कार्य कर चुके हैं। वर्तमान में वह मध्य कमान में एयर ऑफिसर कमांडिंग –इन–चीफ थे। एयर मार्शल एपी सिंह को परम विशिष्ट सेवा मेडल और अति विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित किया जा चुका है। इससे पहले सितारगंज के कुंवर दलइन्द्रजीत सिंह एयर मार्शल रह चुके है। एक बार फिर सितारगंज से जुड़े एयर मार्शल एपी सिंह के वायु सेना में नये वाइस चीफ बने है। इस उपलब्धि पर नये वाइस चीफ की मामी राजेंद्र कौर, जीजा मनप्रीत सिंह कंधारी, बहिन डिम्पी कौर को बधाई देने के लिए शुभचिंतक पहुंच रहे हैं। जीजा मनप्रीत सिंह कंधारी ने बताया कि सितारगंज अपने ननिहाल में उनका आना लगा रहता है। ड्यूटी में व्यस्तता के कारण पिछले दो वर्षों से नहीं आ पाये। लेकिन घर में आयोजित समारोहों में सितारगंज पहुंचते हैं। रिटायर्ड एयर मार्शल कुंवर दलइंद्रजीत सिंह ने इसे सितारगंज के लिए बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि नयी पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक है।

# स्मैक समेत युवक गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मुखानी थाना पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को स्मैक सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में नशे के खिलाफ लगातार चलाए जा रहे अभियान के तहत रमेश बोहरा थानाध्यक्ष मुखानी के नेतृत्व में पुलिस टीम में शामिल उप निरीक्षक अनिल कुमार चौकी प्रभारी आम्रपाली व कॉन्स्टेबल प्रेम सिंह द्वारा क्षेत्र में शांति तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान कमलुआगांजा रोड़ मुखानी चौराहा पर डोमिनोज के पास संदिग्ध परिस्थितियों में घूमते युवक को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता धनराज ठाकुर उर्फ ध्रुव ठाकुर पुत्र स्वर्गीय शिवराज ठाकुर निवासी भूमिया विहार फेज 4 हनुमान मंदिर कुसुम खेड़ा बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से कुल तीन ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने बरामद स्मैक कब्जे में लेकर आवश्यक जानकारी लेने के बाद धनराज के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।



# छापेमारी कर अवैध निर्माण रोका

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नगर में अवैध निर्माण के खिलाफ नगर निगम और प्राधिकरण की कार्रवाई जारी है। गत दिवस अवैध निर्माण पर प्राधिकरण ने बड़ी कार्रवाई करते हुए शिवालिक विहार में छापेमारी की है। इस दौरान प्राधिकरण की टीम को देख हड़कंप मच गया। सिटी मजिस्ट्रेट रिचा सिंह ने शिवालिक बिहार में छापा मारते हुए बिना



अनुमति से खोदे जा रहे बेसमेंट में खनन करते हुए रंगे हाथ पकड़ा है। जहां जेसीबी से बेसमेंट की खुदाई की जा रही थी। सिटी मजिस्ट्रेट रिचा सिंह ने तत्काल काम बंद कराकर, खनन विभाग की टीम को मौके पर बुलाया। बताया जा रहा है कि आवासीय नक्शा पास करके मौके पर व्यवसायिक निर्माण किया जा रहा था। सिटी मजिस्ट्रेट ने मौके पर छापेमारी कर बेसमेंट खोद के कार्य में लगी जेसीबी और ट्रक को भी सीज कर दिया है।

# डाक्टर नहीं होने से दूसरे अस्पतालों का रुख कर रहे रोगी

## सीएचसी में विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती की मांग

बागेश्वर(उद संवाददाता)। स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर सरकार संवेदनशील है। सरकार पहाड़ों में विशेषज्ञ चिकित्सको की नियुक्ति करने में लगी है, अस्पतालों को अत्याधुनिक मशीनों से जोड़ा जा रहा है। पहाड़ के लोगों को जिलामुख्यालय पर बेहतर स्वास्थ्य मिले इसके प्रयास किए जा रहे है।लेकिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में डाक्टरों की कमी है। जिससे स्वास्थ्य सेवाएं पटरी से उतरने लगी हैं।विशेषज्ञ डॉक्टरों को सुगम दुर्गम के आधार पर पहाड़ों में सेवा देने के लिए सरकार चिकित्सकों से अनुबंध करवाती है, ऐसे में एमबीबीएस की पढ़ाई में सस्ते दरों में लोन सुविधा उपलब्ध कराने पर चिकित्सकों को भी निश्चित समय मे सरकारी अस्पतालों में सेवा देने के लिए करार किया जाता है,उसके बाद भी स्थायी तौर पर विशेषज्ञ चिकित्सक पहाड़ में सेवा देने से परहेज करते है, वही सरकार द्वारा निश्चित समय के लिए अनुबंधित कंपनी से नियत वेतन पर करार कर विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती की जा रही है। जिले में विशेषज्ञ डाक्टरों की कमी लोगों के स्वास्थ्य पर भारी पड़ रही है। जिले के तीनों सीएचसी में से एक में भी स्वीकृत पदों के सापेक्ष विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती नहीं है। कपकोट और कांडा सीएचसी में विशेषज्ञ चिकित्सकों के छह–छह पद स्वीकृत हैं, लेकिन एक भी विशेषज्ञ चिकित्सक इन अस्पतालों में नहीं है। बैजनाथ सीएचसी में छह के स्थान पर एक विशेषज्ञ चिकित्सक तैनात है। डाक्टरों की कम के कारण लोगों को जिला मुख्यालय के अलावा हल्द्वानी, बरेली, दिल्ली, रानीखेत आदि स्थानों का रुख करना पड़ रहा है। प्राइवेट अस्पतालों में उनका अधि क धन बर्बाद हो रहा है। कपकोट के पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण, पूर्व जिपंअ हरीश ऐठानी, पूर्व दर्जा मंत्री राजेंद्र टंगड़िया ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति की मांग की है।



डाक्टरों की रिक्तियों को लेकर लगातार स्वास्थ्य महानिदेशालय से पत्राचार किया जाता है। जिले में विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता होते ही तीनों सीएचसी में तैनात किए जाएंगे। **–डा. डीपी जोशी, मुख्य चिकित्साधिकारी।**

# अख्तर अली सपा जिलाध्यक्ष मनोनीत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शम्भू प्रसाद पोखरियाल ने अख्तर अली को पार्टी का जनपद नैनीताल जिलाध्यक्ष मनोनीत जाने की घोषणा की है। चोरगलिया रोड स्थित सपा कैंप कार्यालय पर कार्यकर्ताओं की आयोजित हुई बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ने यह घोषणा की। समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष रहे एवं जुझारू कार्यकर्त्ता अख्तर अली को नैनीताल जिले का जिला अध्यक्ष मनोनीत किये जाने का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।प्रदेश अध्यक्ष श्री पोखरियाल ने कहा कि कार्यकर्ता सपा की नीतियों को जन–जन तक पहुँचाये। उन्होंने आशा जताई कि समाजवादी विचार धारा को आगे बढ़ाने और संगठन को मजबूत करने में अख्तर अली की अहम भूमिका रहेगी। बैठक में सपा प्रदेश प्रमुख महासचिव शुऐब अहमद, पूर्व जिलाध्यक्ष डिम्पल पांडे, मुशीर नवाब, अनम मलिक, जुनैद मिकरानी, इकराम सिद्दीकी, इदरीस मर्चेंट, संजय जोशी, वसीम सिद्दीकी, जमाल सिद्दीकी, नईम, अतुल प्रताप, योगेश शर्मा, शंकर सिंह, अब्दुल माजिद, मो. अनस सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सात अपराधियों के विरूद्ध की जिला बदर की कार्यवाही

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद के समस्त थाना प्रभारियों को अपनेख्र अपने थाना क्षेत्र में सघन अभियान चलाकर आदतन आपराधियों को चिन्हित कर के तत्काल जिला बदर कार्यवाही करने हेतु दिए गए निर्देश के अनुपालन में पुलिस ने सात अपराधियों के विरुद्ध जिला बदर की कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार प्रमोद पाठक थानाध्यक्ष काठगोदाम के नेतृत्व में सात अपराधियों को चिन्हित किया गया। जिनके विरुद्ध थाना काठगोदाम एवं अन्य थानो में अलगख्रअलग धाराओं के अंतर्गत कई अभियोग पंजीकृत है। पुलिस ने बताया यह अपराधी आए दिन अवैध शराब की तस्करी, लड़ाई–झगड़े, चोरी कर अवैध रूप से दबंगई एवं भय से निजी लाभ हेतु अवैध कमाई करते है । इनकी गतिविधियों से स्थानीय जनता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है जिससे इनका सभ्य समाज में इतना भय है कि कोई भी इनके विरूद्ध रिपोर्ट लिखवाने को तैयार नही होता है। अतः इनके विरुद्ध धारा 3/4 उप्र गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही की गई है। इनमें समीर खान पुत्र शाहिद खान निवासी नई बस्ती थाना काठगोदाम, मनीष पुत्र स्व. गंगाराम निवासी रामलाल कालोनी थाना काठगोदाम, जीवन सिंह कनवाल पुत्र आनन्द सिंह निवासी पश्चिमी खेड़ा थाना काठगोदाम, इसके अतिरिक्त जिन अपराधियों के विरुद्ध धारा 110 जी के अंतर्गत कार्यवाही की गई है उनमें तिलक उर्फ डैनी पुत्र प्रेम सिंह निवासी बद्रीपुरा, अभिषेक पुत्र नीरज राम निवासी गोबिन्द ग्राम गौलापार, सौरभ आर्या पुत्र नरेश कुमार निवासी नवाड़ खेड़ा गौलापार, भगवत पुत्र चन्दन निवासी गोबिन्द ग्राम गोलापार थाना काठगोदाम शामिल हैं। थाना काठगोदाम द्वारा उपरोक्त अभियुक्तों को जिला बदर किये जाने हेतु जिला मजिस्ट्रेट को संस्तुती की गई है । जल्द ही उपरोक्त अपराधियों को जिला बदर किया जायेगा ।